मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-368
12/08/2025

# राज्य के विद्युत उपभोक्ताओं के साथ संवाद कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री

पटना 12 अगस्त 2025 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार आज 1, अणे मार्ग स्थित 'संकल्प' से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राज्य के विद्युत उपभोक्ताओं के साथ आयोजित संवाद कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्यमंत्री विद्युत उपभोक्ता सहायता योजना के अंतर्गत सभी घरेलू विद्युत उपभोक्ताओं को अब प्रति माह 125 यूनिट तक निःशुल्क बिजली उपलब्ध कराई जा रही है। आज के कार्यक्रम में सभी जिलों के विद्युत उपभोक्ता जुड़े हुए थे। सुपौल, नालंदा, मुजफ्फरपुर एवं गयाजी जिले की महिला उपभोक्ताओं ने मुख्यमंत्री के साथ संवाद किया।

संवाद कार्यक्रम के दौरान सुपौल जिले की निवासी श्रीमती कोमल कुमारी ने मुख्यमंत्री को प्रति माह 125 यूनिट तक निःशुल्क बिजली उपलब्ध कराए जाने के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि आपने जो 125 यूनिट बिजली निःशुल्क किया है इससे हमारे परिवार को काफी लाभ हो रहा है। जो पैसा बचेगा उसे हम अपनी बेटी के खाते में जमा करेंगे जिसका लाभ भविष्य में मेरी बेटी को मिलेगा। हमारा पूरा परिवार आपके इस निर्णय से बहुत खुश है।

नालंदा जिले की श्रीमती लीला कुमारी ने मुख्यमंत्री को धन्यवाद देते हुए कहा कि हम आपके इस निर्णय का तहेदिल से शुक्रिया अदा करते हैं। अब प्रति माह 125 यूनिट तक जो निःशुल्क बिजली उपलब्ध कराई जा रही है उससे जो बचत होगी उसका उपयोग हम अपनी रसोई, बच्चों की शिक्षा एवं स्वास्थ्य आदि पर करेंगे। हमारा पूरा परिवार इसके लिए आपको दिल से धन्यवाद देता है।

मुजफ्फरपुर जिले की रहनेवाली श्रीमती गुड़िया खातून ने मुख्यमंत्री को धन्यवाद देते हुए कहा कि पहले से ही आपके द्वारा बिजली पर अनुदान दिया जा रहा था। अब प्रति माह 125 यूनिट तक निःशुल्क बिजली आप हमलोगों को उपलब्ध करा रहे हैं इसके लिए हमारा पूरा परिवार आपको दिल से धन्यवाद देता है। 125 यूनिट बिजली निःशुल्क होने से हमारा बिजली बिल जीरो आया है। यहां उपस्थित कई परिवारों से भी बात हुयी है जिनका भी बिजली बिल जीरो आया है। इस बचत से हम अपने बच्चों के स्वास्थ्य और शिक्षा पर विशेष ध्यान दे पाएंगे। इसके लिये हमसब लोग आपका आभार प्रकट करते हैं।

गयाजी जिले की रहनेवाली श्रीमती नूरजहां खातून ने मुख्यमंत्री को धन्यवाद देते हुए कहा कि अब प्रति माह 125 यूनिट तक निःशुल्क बिजली उपलब्ध कराई जा रही है, इससे हमारे परिवार को फायदा हो रहा है। 125 यूनिट बिजली निःशुल्क होने से हमारा बिजली बिल जीरो आया है। पहले बिजली पर जो मासिक खर्च होता था उस बचत का उपयोग घरेलू जरूरी खर्चों पर करेंगे। हम सभी परिवार बहुत खुश हैं। हम सभी लोग आपको दिल से दुआ देते हैं।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री को ऊर्जा विभाग के सचिव श्री मनोज कुमार सिंह ने हरित पौधा भेंटकर स्वागत किया।

कार्यक्रम के दौरान ऊर्जा विभाग की उपलब्धियों पर आधारित एक लघु फिल्म प्रदर्शित की गई।

संवाद कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि आज विद्युत उपभोक्ताओं के साथ संवाद कार्यक्रम में शामिल होकर मुझे खुशी हो रही है। राज्य सरकार ने सभी घरेलू उपभोक्ताओं को अब प्रति माह 125 यूनिट तक बिजली मुफ्त देने का निर्णय लिया है तथा इसे लागू भी कर दिया गया है। इससे बिजली के सभी घरेलू उपभोक्ताओं में काफी खुशी है तथा इसी को लेकर आज के इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2005 से पहले राज्य में बिजली का काफी बुरा हाल था। राजधानी पटना में भी 7–8 घंटे से ज्यादा बिजली नहीं रहती थी। 24 नवम्बर, 2005 को राज्य में हमलोगों की सरकार बनने के बाद बिजली के क्षेत्र में सुधार हेतु बड़े पैमाने पर काम किया गया। ऊर्जा विभाग का बजट बढ़ाया गया तथा बिजली की आपूर्ति बढ़ायी गयी। इसके बाद राज्य के सभी गाँवों एवं टोलों में बिजली पहुंचाई गयी। वर्ष 2015 में सात निश्चय योजना के अन्तर्गत 'हर घर बिजली' निश्चय की शुरूआत कर हर घर को बिजली देने का काम निर्धारित समय से दो माह पूर्व अक्टूबर, 2018 में पूरा कर लिया गया। इसके बाद जो भी नये घर या टोले बने हैं उन सभी को बिजली पहुंचा दी गयी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमलोग शुरू से ही सभी लोगों को सस्ती दरों पर बिजली उपलब्ध कराते रहे हैं। बिजली खरीदने में सरकार का काफी ज्यादा पैसा खर्च होता है लेकिन लोगों को लागत से काफी कम पैसा देना पड़ता रहा है। उन्होंने कहा कि लोगों के हित में हमने यह तय कर दिया है कि जुलाई माह के बिल से ही राज्य के सभी घरेलू उपभोक्ताओं को अब प्रति माह 125 यूनिट तक बिजली मुफ्त दी जायेगी। इसे लागू कर दिया गया है तथा इससे राज्य के 1 करोड़ 89 लाख घरेलू उपभोक्ताओं को काफी लाभ हो रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार द्वारा सौर ऊर्जा (सोलर) को भी बढ़ावा दिया जा रहा है तथा सभी सरकारी भवनों की छत पर सौर ऊर्जा (सोलर) संयंत्र लगाये गये हैं। अब हमने यह भी तय किया है कि सभी इच्छुक घरेलू उपभोक्ताओं को राज्य सरकार द्वारा सौर ऊर्जा का लाभ दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि आज पूरे राज्य में अनेक जगहों पर संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया है। आज के कार्यक्रम में लगभग 16 लाख लोग शामिल हैं। साथ ही इस कार्यक्रम में सभी जिलों के प्रभारी मंत्री एवं अन्य सम्मानित जनप्रतिनिधिगण भी उपस्थित हैं। इस कार्यक्रम में कुछ घरेलू उपभोक्ताओं ने अपनी बात भी कही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ऊर्जा तथा योजना एवं विकास मंत्री श्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव शुरू से ही सब काम देख रहे हैं। मैं इस कार्यक्रम के आयोजन के लिये ऊर्जा विभाग और ऊर्जा मंत्री श्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव जी को धन्यवाद देता हूँ। उन्होंने कहा कि मुझे पूरी उम्मीद है कि इस नई पहल से बिजली उपभोक्ताओं को काफी राहत मिली है। राज्य सरकार इसी तरह से आप लोगों के हित में लगातार काम करती रहेगी। आज के इस कार्यक्रम से जुड़े हुए सभी बिजली उपभोक्ताओं को धन्यवाद देता हूं।

कार्यक्रम को उपमुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी तथा ऊर्जा सह योजना एवं विकास मंत्री श्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव ने भी संबोधित किया।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, विकास आयुक्त श्री प्रत्यय अमृत, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ0 एस0 सिद्धार्थ, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, ऊर्जा विभाग के सचिव श्री मनोज कुमार सिंह, साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कॉरपोरेशन लिमिटेड के प्रबंध निदेशक श्री महेंद्र कुमार, नॉर्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कॉरपोरेशन लिमिटेड के प्रबंध निदेशक श्री राहुल कुमार सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे जबकि वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिलों के प्रभारी मंत्रीगण, विधायकगण, विधान पार्षदगण, जिलाधिकारीगण, अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं विद्युत उपभोक्तागण उपस्थित थे।

******